# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–29 मार्च 2025** **सान्ध्य समाचार**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि जागरुकता पर आधारित निरंतर सक्रियता और सभी के सामूहिक प्रयासों के माध्यम से ही पर्यावरण का संरक्षण और उसका संवर्धन संभव है। राष्ट्रपति ने नई दिल्ली में विज्ञान भवन में दो दिवसीय राष्ट्रीय पर्यावरण सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए आज यह बात कही। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वातावरण विरासत में देना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है।

***स्वच्छ पर्यावरण हमारा दैनिक जीवन और स्वास्थ्य के लिए कितना जरूरी है, यह हम सब जानते हैं। धूल और धुए होने वाले वायु प्रदूषण का फेफड़ो पर बुरा असर पड़ता है। अनेक अध्ययन यह बताते हैं कि वायु प्रदेषण से लाइफ इक्सपेक्टेंसी पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। पर्यावरण की स्वच्छता के लिए हर संभव प्रयास करके ही हम सब स्वस्थ्य और समृद्ध भारत का निर्माण कर सकते हैं।***

**********

कल से चैत्र नवरात्र का पावन त्योहार शुरू हो जायेगा, जो छः अप्रैल तक चलेगा। नवरात्र को लेकर प्रदेश भर के दुर्गा मंदिरों में विशेष साफ–सफाई और सजावट का काम चल रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अधिकारियों के साथ वासंतिक नवरात्र और श्रीराम नवमी से सम्बन्धित तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिये कि चैत्र रामनवमी के मंगलमयी उपलक्ष्य पर सभी जनपदों में चौबीस घंटे का श्रीरामचरितमानस का अखण्ड पाठ कराया जाए। उन्होंने कहा कि पांच अप्रैल की दोपहर से प्रारम्भ होकर अखण्ड मानस पाठ की पूर्णाहुति श्रीरामनवमी के दिन छः अप्रैल को दोपहर बारह बजे श्रीरामलला के सूर्य तिलक के साथ होना चाहिए।

उधर, कई मंदिरों में पारम्परिक मेले भी आयोजित होंगे। पूर्वी उत्तर प्रदेश के देवी पाटन शक्ति पीठ का प्रसिद्ध चैत्र नवरात्र मेला कल से शुरू हो जाएगा। यह मेला एक महीने तक चलता है। वहां के जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने आज मेला क्षेत्र का निरीक्षण कर तैयारी का जायजा लिया। वहीं, अयोध्या में भी प्रसिद्ध रामनवमी मेले की आज से शुरूआत हो गई। हमारे प्रतिनिधि ने बताया कि मेले को लेकर प्रशासन और श्रीराम मंदिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा व्यापक तैयारियां की गई हैं।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ बीसवीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर भी प्रसारित होगा। मन की बात का सीधा प्रसारण आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चौनलों पर भी किया जाएगा। हिन्दी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी से प्रादेशिक भाषाओं में इस कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा।

**********

विश्व क्षय रोग दिवस के उपलक्ष्य में आज प्रदेश के विभिन्न जिलों में टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों को सम्मानित किया गया। प्रदेश के महानिदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य ने चौबीस मार्च को मनाए जाने वाले विश्व क्षय रोग दिवस को इस बार उन्तीस मार्च को मनाए जाने का निर्देश दिया था। इसी कड़ी में गोरखपुर जिले में महापौर डॉ मंगलेश श्रीवास्तव, ग्रामीण विधायक विपिन सिंह और बांसगांव के विधायक डॉ विमलेश पासवान ने टीबी मुक्त हुई दो सौ निन्यावे ग्राम पंचायतों के प्रधानों को सम्मानित किया। इस मौके पर एडी हेल्थ डॉ बीएम राव, सीएमओ डॉ आशुतोष कुमार दूबे और डीटीओ डॉ गणेश यादव ने ग्राम प्रधानों को राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी।

**********

प्रदेश के समाज कल्याण विभाग और जनजाति विकास विभाग द्वारा संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों में शैक्षिक सत्र दो हजार पचीस छब्बीस के लिए प्रवेश परीक्षाएं कल होंगी। निर्धारित केंद्रों पर हो रही इन परीक्षाओं में शामिल होने के लिए बासठ हजार तीन सौ बयासी विद्यार्थियों ने आवेदन किये हैं। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

***सर्वोदय विद्यालयों में नवोदय पैटर्न पर पढ़ाई होती है। इस वर्ष प्रवेश प्रक्रिया के तहत कक्षा छह, सात, आठ, नौ और ग्यारहवीं में विद्यार्थियों का चयन होगा। ग्यारहवीं के बच्चों के लिए प्रवेश परीक्षा नहीं होगी, बल्कि दसवीं के अंकों के आधार पर मेरिट लिस्ट तैयार की जाएगी। बाकी कक्षाओं के लिए कल दो पालियों में प्रवेश परीक्षा होगी। पहली पाली की परीक्षा सुबह ग्यारह बजे से शुरू होगी। परीक्षा के परिणाम इकतीस मार्च को घोषित कर दिये जाएंगे। आकाशवाणी समाचार कक्ष से मैं अरूण।***

**********

प्रदेश में अगले चौबीस घंटों के बाद अधिकतम तापमान में तीन से पांच और न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी की संभावना है। इससे गर्मी और भी बढ़ेगी। यह जानकारी मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी दैनिक मौसम पूर्वानुमान बुलेटिन में दी गई है। विभाग ने बताया कि आगामी चार अप्रैल तक प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी जिलों में मौसम शुष्क रहेगा।

**********